## MATTERS UNDER RULE 377

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्यगण, आज जिन सदस्यों को नियम 377 के अधीन मामलों को उठाने की अनुमति प्रदान की गई है, वे अपने मामले के अनुमोदित पाठ को तुरंत व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर रख दें ।

### Regarding construction of all-weather road in Patan Parliamentary Constituency, Gujarat- Laid.

श्री भरतसिहंजी शंकरजी डाभी **(**पाटण**) :** मेरे संसदीय क्षेत्र पाटन (गुजरात) के अंतर्गत सिद्धपुर नगरपालिका की सीमा में राजपुर, कोट, आंकवी, मेळोज, लुखासण, मुडाणा, इत्यादि गांवो में लगभग हर वर्ग के लोग वर्षों से एक साथ रहते हैं । उन गांवों के लोगों को बाहर सिद्धपुर शहर और राजमार्ग की ओर जाने हेतु कोई रास्ता नहीं हैं । इसलिये उनको रेलवे पुल के नीचे बारिश के पानी के नाले का रास्ते के रूप में उपयोग करना पड़ता है । लेकिन जब बारिश के कारण यह नाला जाम हो जाता है तो इन सभी गांवों के लोगों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ता है । ऐसे समय में विद्यार्थियों, बीमार व्यक्तियों तथा प्रसूता बहनों की स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती है । गाँवों में लक्जरी बस तो दूर, एक एम्बुलेंस भी बहुत धीमी गति से पहुँच पाती है और ताहेरपुरा के पुल से होकर आवागमन के लिए लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है । अत: माननीय सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से मेरा अनुरोध है कि राजपुर तथा अन्य गांवों की पक्की सड़क की इस समस्या के समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही करवा कर अनुग्रहित करें ।